तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रा. पत्र बाजदायरी संख्या 101/2022 रामफूल बनाम राज.सरकार	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.06.2023	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलांट श्री बी.एस.मीना एड. उप.। वकील अपीलांट को प्रार्थना पत्र बाज दायरी पर सुना गया। वकील प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में कथन किया है कि अनुवानी अपील में गत तारीख पेशी दिनांक 28.07.2022 नियत थी। उपरोक्त अनुवानी अपील को प्रार्थीगण अपीलान्ट के अधिवक्ता ही सम्भाल रहे थे तथा काम पडने पर बुलाने की कह रखी थी। दिनांक 28.07.2022 को प्रार्थीगण के अधिवक्ता अन्य अदालत में व्यस्त होने के कारण न्यायालय श्रीमान के समक्ष अपील में आवाज पडने पर उपस्थित नहीं हो सके जिसके कारण न्यायालय श्रीमान द्वारा उक्त अपील को अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज फरमा दिया गया। उपरोक्त अनुवानी अपील का प्रार्थीगण मेरिट पर निस्तारण करवाना चाहते हैं। इसलिये अपील को पुनः नम्बर पर लेकर सुनवाई किया जाना न्यायहित में आवश्यक है । अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाकर अपील को पुनः नम्बर पर लेकर सुनवाई करने की कृपा करें। पत्रावली का अवलोकन किया गया। न्यायहित में प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन 300/रू. की कोष्ट पर स्वीकार किया जाकर मूल अपील रेस्टोर की जाती है। वकील अपीलांट 300/– रू. की कोष्ट राजकोष में जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर हमफिता अपील रहे। आदेश सुनाया गया। (असलम शेर खान) अति. संभागीय आयुक्त जयपुर	